भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5083

दिनांक 24 मार्च 2026 / 03 चैत्र, 1948 (शक) को उत्तर के लिए

अधिकारियों पर मुकदमा

†5083. श्री माथेश्वरन वी. एसः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय के पास विभिन्न जांच एजेंसियों द्वारा अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए भेजे गए अनुमोदन स्वीकृति के लिए तीन महीने से अधिक समय से लंबित है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) वर्ष 2014 से अब तक अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं; और

(ग) वर्ष 2014 से अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए सरकार द्वारा कुल कितने अनुमोदनों को रद्द किया गया है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क): उपलब्ध रेकॉर्ड के अनुसार, दिनांक 28.02.2026 तक, अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए अनुमोदन स्वीकृति हेतु केन्द्रीय जांच एजेंसियों से प्राप्त 10 प्रस्ताव इस मंत्रालय में तीन माह से अधिक समय से लंबित हैं।

(ख) और (ग): वर्ष 2014 से, केन्द्रीय जांच एजेंसियों द्वारा इस मंत्रालय में प्राप्त कुल 330 मामलों में अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए अनुमोदन की स्वीकृति दी गयी है। जबकि, इस प्रकार की एक स्वीकृति को निरस्त किया गया है।

******